Statement

Cost escalation of Public Sector Projects of the Ministry of Petroleum and Natural Gas for 3-5-1995.

Sl. No.	Name of the Project	Original Cost (Rs. in crores)	Revised Cost (Rs. in crores)	Reasons for cost over run
	Indian Oil Corporation Ltd.			
1.	Digboi Refinery Modernisation Project	143.74	346.34	Change in duties and taxes escalation, foreign exchange variation, scope change, abnormal market conditions, increase in financial cost etc.
2.	Catalytic Reformer Unit at Digboi	34.17	112.00	-do-
3.	Catalytic Reformer Unit at Barauni	77.95	248.11	-do-
4.	Kandla-Bhatinda Project Pipeline (including Tap Off Points.)	917.55	2391.84	Change in duties and taxes, escalation, foreign exchange rate variation abnormal market conditions increase in financial cost, increase in international/domestic construction cost, upgradation of technology, etc.

कुछ राज्यों को रसोई गैस सिलेण्डर की आपूर्ति

4615. **श्री इकबाल सिंह** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश में उपभोक्ताओं को अपने रसोई गैस सिलेन्डर प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) उक्त सभी राज्यों में रसोई गैस सिलिण्डरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सरकार क्या प्रभावी उपाय कर रही है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) जी हां। गेल, विजयपुर तथा ओ.एन.जी.सी., हजीरा फैक्शनेटरों की बंदी को बढ़ाए जाने के कारण रीफिल की आपूर्ति मार्च, 1995 से आरंभ ही पायी इसकी वजह से विभिन्न भरण संयंत्रों को थोक एल. पी. जी. की आपूर्ति कम हो गयी। 23-3-95 से मथुरा रिफाइनरी के बंद हो जाने से उत्तरी क्षेत्र में भरण संयंत्रों के लिए थोक एल. पी. जी. की उपलब्धता में और कमी आयी।

(ग) तेल कंपनियां, वैकल्पिक स्रोतों से तथा बढ़ाई गयी कार्यावधि में एवं अवकाश के दिनों में तथा रविवारों को भरण संयंत्रों का प्रचालन करके एवं बकाए को निपटाने के लिए वैकल्पिक स्रोतों के परिवहन से थोक आपूर्तियों की व्यवस्था करके मांग पूर्णतः पूरा करने के लिए तुरन्त उपाय कर रही हैं।